आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 15.12.2024
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।
- उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर, लोगो, टार्च, जर्सी और एंथम का आज विमोचन किया जाएगा।
- केंद्र सरकार ने एक राष्ट्र, एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों को कल लोकसभा में पेश करने के लिए सूचीबद्ध किया है।
- उत्तराखंड में नगर निकाय चुनाव की तैयारियां तेज, सभी पदों के लिए आरक्षण की अनंतिम अधिसूचना जारी की।

...................................

प्रधानमंत्री संबोधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। श्री मोदी ने कल कार्यक्रम की अध्यक्षता की थी। तीन दिवसीय यह सम्मेलन शुक्रवार को शुरू हुआ था। इसका उद्देश्य राज्यों के सहयोग से साझा विकास एजेंडे का मूल्यांकन और कार्यान्वयन करना है। केंद्र और राज्य सरकारों की भागीदारी को सुदृढ़ करने और सहकारी संघवाद, तेज आर्थिक वृद्धि और विकास में बेहतर तालमेल सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। मुख्य सचिवों का सम्मेलन केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण की प्रमुख पहल है। सम्मेलन का मुख्य विषय प्रोमोटिंग इंटरप्रेनुअरशिप, इम्प्लॉयमेंट एंड स्किलिंग—लेवरेजिंग द डेमोग्राफिक डिविडेंड है। इसके अंतर्गत छह प्रमुख क्षेत्र—विनिर्माण, सेवा, ग्रामीण, गैर खेती, शहर, नवीनीकरण ऊर्जा और चक्रीय अर्थव्यवस्था है।

...................................

विमोचन

उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर, लोगो, टार्च, जर्सी और एंथम का आज विमोचन किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी होंगे, जबकि केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगी।

इन खेलों के शुभंकर, जो अब 'मौली' यानी मोनाल पक्षी के नए रूप में प्रस्तुत होंगे, खिलाड़ियों के लिए और अधिक आकर्षक और प्रेरणादायक होंगे। इसके अलावा, राष्ट्रीय खेलों का नया लोगो भी डिज़ाइन किया गया है, जिसमें उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर और पहचान को प्रमुखता से दर्शाया गया है। इस दौरान प्रस्तुत की जाने वाली जर्सी, टार्च और एंथम में भी राज्य की विशिष्टता साफ झलकेगी।

राष्ट्रीय खेलों की मशाल में गंगा नदी और राज्य पुष्प ब्रह्मकमल के चिन्ह शामिल किए गए हैं, जो विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए हैं। साथ ही उत्तराखंडी लोक कला 'एपण' को भी प्रचार सामग्री में प्रभावी रूप से दर्शाया जाएगा। राष्ट्रीय खेल सचिवालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं और सरकार एक बेहतरीन आयोजन के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

...................................

विश्व आयुर्वेद कांग्रेस

देहरादून के परेड मैदान में आयोजित 10वीं वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो 2024 का आज अंतिम दिन है। कांग्रेस के तीसरे दिन विभिन्न सत्रों में आयुष के क्षेत्र में की गई नवीन खोजों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से नेत्र चिकित्सा और धूम्रपान उपचार में उपयोग होने वाली औषधियों की प्रस्तुतीकरण ने सभी का ध्यान खींचा। दर्शनशास्त्र से जुड़ी औषधियों और चर्म रोगों के उपचार में बर्बेरिन के उपयोग पर भी गहरी चर्चा हुई। आयुर्वेद के माध्यम से पशु चिकित्सा के क्षेत्रों पर भी विचार विमर्श हुआ। उत्तराखंड आयुष नीति 2023 के प्रावधानों और इसके त्वरित कार्यान्वयन पर भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

...................................

एक्रो वर्ल्ड चैंपियनशिप –टिहरी

टिहरी बांध जलाशय क्षेत्र में आगामी 19 से 23 दिसम्बर तक एक्रो वर्ल्ड चैंपियनशिप और एयरो शो 2024 का आयोजन किया जाएगा। इसमें 25 विदेशी एक्रो पायलट, 50 भारतीय एस०आई०वी पायलट, और 25 टैंडम पायलट प्रतिभाग करेंगे। आयोजन में पैराग्लाइडिंग और बेस जंपिंग का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इसके अलावा, स्थानीय लोगों और आगंतुकों को निःशुल्क टैंडम पैराग्लाइडिंग का अवसर मिलेगा।

...................................

रोजगार सृजन

उत्तराखंड सरकार ने प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करने के लिए कई कदम उठाए हैं। कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन और वैश्विक रोजगार योजना के तहत जापान में केयर गिवर जॉब रोल के लिए चयनित नौ युवाओं से मुलाकात की और उन्हें अनुबंध पत्र वितरित किए। श्री बहुगुणा ने बताया कि राज्य सरकार प्रशिक्षित युवाओं को सिर्फ राज्य में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी रोजगार के अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल के तहत अब तक 33 युवाओं को जापानी भाषा का प्रशिक्षण दिया गया है, जिनमें से 23 ने दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण की और जापान में रोजगार प्राप्त किया।

...................................

विधेयक सूचीबद्ध

केंद्र सरकार ने एक राष्ट्र, एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों को कल लोकसभा में पेश करने के लिए सूचीबद्ध किया है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक पेश करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने की अवधारणा को लागू करने के लिए संवैधानिक संशोधन विधेयक को स्वीकृति दी थी।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व में एक राष्ट्र, एक चुनाव पर बनी उच्च स्तरीय समिति ने देश में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश की थी।

..................................

निकाय चुनाव

उत्तराखंड में नगर निकाय चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। शासन ने नगर निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों के पदों के अलावा सभी जिलाधिकारियों ने नगर निगमों में पार्षद, नगर पालिका और नगर पंचायतों में वार्ड सदस्यों के आरक्षण की अनंतिम अधिसूचना जारी कर दी। सात दिन के भीतर लिखित रुप में या ईमेल आईडी के जरिए आपत्तियां दर्ज कराई जा सकती हैं।

..................................

ईवी स्टेशन

देहरादून शहर में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अहम कदम उठाया जा रहा है। शहर में जल्द ही 10 इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। यह पहल जिलाधिकारी सविन बंसल के नेतृत्व में शहर को इको–फ्रेंडली बनाने के प्रयासों का हिस्सा है। इन चार्जिंग स्टेशनों में से दो प्रमुख स्टेशन गांधी पार्क और परेड ग्राउंड के सामने पहले से ही पूरी तरह तैयार हो चुके हैं। इस पहल की विशेष बात यह है कि इन चार्जिंग स्टेशनों को शून्य खर्चे पर स्थापित किया जा रहा है, जो इसे एक अभिनव और अनूठी परियोजना बनाती है। इन स्टेशनों की स्थापना से वाहन चालकों को न केवल सुविधा मिलेगी, बल्कि यह शहर के पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इन ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना से देहरादून को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। इसके अलावा, यह पहल शहरवासियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी करेगी और ईवी वाहनों की संख्या में वृद्धि की संभावना को बढ़ावा देगी, जिससे वायु और ध्वनि प्रदूषण में भी कमी आएगी।

..................................

पैराग्लाइडिंग प्रशिक्षण

बागेश्वर की स्नेहा ने जिले की पहली महिला पैराग्लाइडिंग पायलट बनने का गौरव हासिल किया है। उन्होंने अब पैराग्लाइडरों को ट्रेनिंग देना भी शुरू कर दिया है। अभी तक वो सात बैचों को पैराग्लाइडिंग का प्रशिक्षण दे चुकी हैं। स्नेहा बतायती हैं कि उन्हें साहसिक कार्यों में पहले से ही बहुत रूची थी। वहीं राज्य सरकार ने स्वरोजगार के लिए युवाओं के लिए एडवेंचर एक्टिविटी में भी विभिन्न योजनाओं की पहल की तो उन्होंने भी इस ओर अपने कदम बढ़ाए।

..................................

दीक्षांत समारोह

कुमाऊं विश्वविद्यालय का 19वां दीक्षांत समारोह कल डीएसबी परिसर के ए०एन सिंह सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर कुल 201 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि, 2 विद्यार्थियों को डी०एस०सी और डीलिट की मानद उपाधि, तथा 70 विद्यार्थियों को पदक प्रदान किए जाएंगे। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह उपाधियां और पदक प्रदान करेंगे। समारोह में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी उपस्थित रहेंगे। कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि इस वर्ष पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वाले 201 शोधार्थियों में 68 प्रतिशत महिलाएं हैं। 109 विद्यार्थी कला संकाय से और 60 विद्यार्थी विज्ञान संकाय से हैं। दीक्षांत समारोह में स्नातक और स्नातकोत्तर के 19 हजार 570 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रतीकात्मक रूप से प्रदान की जाएंगी।

..................................

<u>अनुसूया मेला</u>

चमोली के मंडल घाटी में दो दिवसीय सती शिरोमणि माता अनुसूया मेला विधि विधान और पूजा—पाठ के साथ शुरू हो गया। बदरीनाथ विधायक लखपत बुटोला ने इस मेले का शुभारंभ किया। दत्तात्रेय जयंती के अवसर पर क्षेत्र की देवी डोलियां सती मां अनसूया के दरबार पहुंची और श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक पूजा—अर्चना की। हर साल की तरह इस वर्ष भी संतान सुख की कामना लेकर निसंतान दंपत्ति और अन्य भक्तजन यहां पहुंचे हैं।

..................................

<u>कपाट बंद</u>

चमोली जिले के देवाल के वाण गांव स्थित लाटू मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए पूजा अर्चना के बाद बंद कर दिए गए। इस अवसर पर सैकड़ों भक्तों ने ढोल—नगाड़ों के साथ देवता के जयकारे लगाए। पूजा के दौरान मंदिर के पूजारी खीम सिंह और प्रताप सिंह ने जलाभिषेक कर भगवान लाटू की पूजा की। मंदिर के कपाट अब बैशाख पूर्णिमा को खुलेंगे।

..................................

<u>लोक अदालत</u>

हरिद्वार जिले में उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित लोक अदालत में 41 वादों का निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश प्रशांत जोशी की अध्यक्षता में हरिद्वार, रुड़की और लक्सर में यह अदालत आयोजित की गई। लोक अदालत में 41 वादों का निस्तारण कर करीब एक करोड़ 28 लाख रुपये की निपटान राशि तय की गई। इन वादों में अधिकतर बैंक, बीमा, मोबाइल, विद्युत विभाग से संबंधित मामले थे।

..................................